| आवेदन क्रमांक | आवेदन प्रपत्र मुल्य रू. 500.00 |
|---|---|

# उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन

# श्वेत मक्खन / एस.एम.पी. विक्रय हेतु
# ई–निविदा प्रपत्र
# वर्ष 2020–21

उज्जैन सहकारी दुग्ध संध मर्यादित, उज्जैन
मक्सी रोड़ डेयरी प्लांट, उज्जैन–456001
दूरभाष – 2527061,2527068,2527066

मोनो **उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित**

मक्सी रोड़, पोस्ट बॉक्स नं.106, उज्जैन–456001 (म.प्र.)
दूरभाष – 0734–2527068, फेक्स नं. 2527063

# ई–निविदा सूचना

संघ द्वारा अधोदर्शित विवरण अनुसार श्वेत मक्खन एवं स्कीम्ड मिल्क पावडर विक्रय हेतु भारत के सभी स्टेट डेयरी फेडरेशन सहकारी दुग्ध संघ एवं निजी व्यवसायियों से भाव ऑफर ई–टेण्डर के माध्यम से आमंत्रित किया जाता हैं।

| क्र0 | विवरण | उज्जैन दुग्ध संघ |
|---|---|---|
| 01 | श्वेत मक्खन विक्रय मात्रा | 660 मैट्रिक टन |
| 02 | दुग्ध चूर्ण विक्रय मात्रा | 850 मेट्रिक टन |

श्वेत मक्खन विक्रय मात्रा 20 मे. टन एवं दुग्ध चूर्ण विक्रय मात्रा 100 मेट्रिक टन के गुणांक में ही स्वीकार की जावेगी। निविदा ऑनलाईन माध्यम से दिनांक 18.05.2020 से दिनांक 08.06.2020 तक भरे जा सकेगें। ऑनलाइन प्राप्त निविदाओं को दिनांक 09.06.2020 को अपरान्ह 3:00 बजे दुग्ध संघ उज्जैन कार्यालय मे उपस्थित निविदाकार तथा समिति सदस्य के समक्ष खोले जायेगे। प्रस्तुत ऑफर के साथ श्वेत मक्खन प्रत्येक 20 मेट्रिक टन ऑफर के लिए निर्धारित ई.एम.डी. रूपये 1,28,000/–(रू. एक लाख अठ्ाईस हजार) एवं एस.एम.पी. प्रत्येक 100 मेट्रिक टन हेतु रूपये 6,40,000/–(रू. छः लाख चालीस हजार) निर्धारित की गई हैं जिसका केवल ऑनलाइन भुगतान किया जाना है। श्वेत मक्खन हेतु 20 मेट्रिक टन से अधिक एवं एस.एम.पी हेतु 100 मेट्रिक टन से अधिक ऑफर दिये पर प्रतिभुति राशि समान अनुपात में बढाई जाकर जमा की जानी होगी। निविदा प्रपत्र वेबसाईट http:// www.mptenders.gov.in से रूपये 500/– का ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकते है। किसी भी प्राप्त भाव ऑफर को पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी को होगा। अन्य नियमों एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी एम.पी.सी.डी.एफ. की वेबसाइट http://www.mpcdf.gov.in पर उपलब्ध है।

# उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित

## श्वेत मक्खन/एस.एम.पी विक्रय हेतु निविदा प्रपत्र

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र विक्रय आरंभ करने की तिथि एवं समय | दिनांक 18/05/2020 दोपहर 03:00 बजे |
| 2 | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08/06/2020 दोपहर 02:00 बजे तक |
| 3 | ऑनलाइन तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 09/06/2020 दोपहर 3:00 बजे |
| 5 | निविदा के साथ जमा की जाने वाली धरोहर राशि | प्रत्येक 20 मेट्रिक टन ऑफर के लिए निर्धारित ई.एम.डी. श्वेत मक्खन हेतु रूपये रू. 1,28,000/- एवं एस.एम.पी. हेतु रूपये रू. 6,40,000/- निर्धारित की गई हैं। श्वेत मक्खन हेतु 20 मेट्रिक टन एवं दुग्ध चूर्ण हेतु 100 मेट्रिक टन से ज्यादा ऑफर देने पर समान अनुपात में ई.एम.डी. बढ़ाई जावे। ई.एम.डी. भुगतान केवल ऑनलाइन किया जाना होगा। |
| 6 | श्वेत मक्खन (82% घृतांश प्रोरेटो आधार पर 25 किलो बेग में) | श्वेत मक्खन मात्रा 20 मेट्रिक टन तथा दुग्ध चूर्ण मात्रा 100 मेट्रिक टन के गुणांक में ही स्वीकार की जावेगी। |
| 7 | ISI ग्रेड स्कीम्ड मिल्क पावडर 25 किलो बेग में | |
| 8 | निविदा प्रपत्र का मुल्य | रूपये 500/- (पांच सौ मात्र) |
| 9 | निविदा खोलने का स्थान एवं पता | उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन |
| 10 | धरोहर राशि (ई.एम.डी.) | (केवल ऑनलाईन प्रेषित किया जावे।) |
| 11 | श्वेत मक्खन/एस.एम.पी. विक्रय हेतु तकनीकी अर्हताएं एवं सामान्य शर्ते का प्रारूप | (केवल ऑनलाईन प्रेषित किया जावे।) |
| 12 | फर्म की विस्तृत जानकारी | (केवल ऑनलाईन प्रेषित किया जावे।) |
| 13 | भाव पत्र | (केवल ऑनलाईन प्रेषित किया जावे।) |

प्रपत्र क्रमांक 01

# तकनीकी अहर्ताएं

| क्रमांक | आवश्यक अहर्ताएं | विवरण जानकारी | अनिवार्यतः संलग्न किये जाने वाले स्व प्रमाणित दस्तावेज |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदाकार का नाम व पता (संस्था/फर्म आदि की दशा में पंजीयन का प्रमाण) | | संस्था पंजीयनकर्ता कार्यालय का पत्र/प्रमाण पत्र । |
| 2 | यदि कोई पार्टनर हो तो उनका नाम व पता। | | पंजीकृत पार्टनरशीप डीड। |
| 3 | संस्था/फर्म होने की दशा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी/ अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम | | संस्था/फर्म के संचालक मंडल/ मुख्य कार्यपालन अधिकारी का अधिकार पत्र। |
| 4 | आवेदनकर्ता का पेनकार्ड नम्बर होना अनिवार्य है। | | पेनकार्ड की छायाप्रति संलग्न करें। |
| 5 | GST नम्बर होना अनिवार्य है। नया कार्य आरंभ करने की स्थिति में निविदाकार को GST नम्बर आवेदन की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य हैं। | | GST नम्बर/आवेदन की छायाप्रति संलग्न |
| 6 | FSSAI लायसेंस | | FSSAI लायसेंस की छायाप्रति संलग्न करे। |

नोटः–

1. उक्त समस्त स्वयं प्रमाणित दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड किये जाने होंगे एवं तकनीकी अर्हताओं संबंधित प्रपत्र क्रमाक 01 आवेदन की शर्ते एवं प्रपत्र क्रमांक 02 में प्रस्तुत की जा रहीं है।
2. उपरोक्त जानकारियों में से कोई भी जानकारी असत्य पाये जाने पर निविदा निरस्त कर अमानत राशि राजसात की जा सकेगी।

## प्रपत्र 02

## श्वेत मक्खन एवं एस.एम.पी. ऑफर प्रस्तुत करने संबंधी मुख्य शर्ते

1— ऑफर प्रस्तुतकर्ता के पास FSSAI लायसेंस एवं अपने कार्यक्षेत्र का GST पंजीयन रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है। ऑफर के साथ दोनों दस्तावेजों की स्वयं प्रमाणित छायाप्रति आनलाइन अपलोड की जावें।

2— ऑफर प्रस्तुतकर्ता द्वारा अपने ऑफर में दुग्ध चूर्ण एक्स उज्जैन डेयरी संयंत्र एवं श्वेत मक्खन एक्स इन्दौर कोल्डरूम एवं एक्स कोल्ड रूम पीथमपुर भाव प्रस्तुत किये जावे। अर्थात प्रस्तुत भाव में सभी टेक्स एवं परिवहन अलग से रहेगा।

3— ऑफर में पार्टी द्वारा श्वेत मक्खन कम से कम 20 मेट्रिक टन एवं 20 मेट्रिक टन के गुणांक में ऑफर प्रस्तुत करना अनिवार्य है। तथा दुग्ध चूर्ण विक्रय मात्रा न्यूनतम 100 मेट्रिक टन एवं 100 मेट्रिक टन के गुणांक में ही स्वीकार की जावेगी। आर्फर मे पार्टी द्वारा कय की जाने वाली मात्रा एवं भाव को अंकों एवं शब्दों मे स्पष्ट उल्लेख करना होगा।

4— प्रत्येक 20 मेट्रिक टन ऑफर के लिए निर्धारित ई.एम.डी. श्वेत मक्खन हेतु रूपये 1,28,000/— एवं प्रत्येक 100 मेट्रिक टन एस.एम.पी. हेतु रूपये 6,40,000/— निर्धारित की गई हैं। श्वेत मक्खन हेतु 20 मेट्रिक टन तथा दुग्ध चूर्ण हेतु 100 मेट्रिक टन से ज्यादा ऑफर देने पर समान अनुपात में ई.एम.डी. बढ़ाई जावे।

5— ऑफर स्वीकृति होने की दशा में 05 दिवस में 20 प्रतिशत राशि जमा करना अनिवार्य होगा, ऑफर में दी गई मात्रा की शेष राशि माल उठाने के पूर्व अग्रिम जमा कराना होगा एवं 15 दिवस में संपूर्ण मात्रा में उठाने की व्यवस्था करना होगी।

6— माल निर्धारित गोडाउन से लोडिंग एवं परिवहन आदि की व्यवस्था स्वयं पार्टी को करना होगी।

7— श्वेत मक्खन का भाव 82% फेट के आधार पर होगा, एवं अन्तर होने पर प्रोरेटा आधार पर राशि की गणना की जावेगी।

8— निविदा में प्रस्तुत दर स्वीकृत होने के पश्चात् प्रबंध संचालक, एमपीसीडीएफ भोपाल से दर का अनुमोदन होने के उपरांत ही विक्रय किया जायेगा।

9— ऑफर स्वीकृति पश्चात यदि ऑफरदाता द्वारा किसी भी कारण से मक्खन एवं एस.एम.पी. निर्धारित प्रक्रिया अनुसार नहीं उठाया जाता है तो ऑफर के साथ प्रस्तुत ईएमडी राशि संघ द्वारा राजसात की जावेगी।

10— किसी भी निविदा को आंशिक या पूर्ण रूप से स्वीकृत या अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी उज्जैन दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन के पास सुरक्षित रहेगा।

11— किसी विवादित प्रकरण में अध्यक्ष उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन का निर्णय दोनो पक्षों को मान्य होगा एवं विवादों की स्थिति में न्यायक्षेत्र सहकारी न्यायालय उज्जैन होगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

प्रपत्र– 03

# निविदा प्रपत्र

| | | |
|---|---|---|
| 1 | फर्म का नाम प्रोप्रायटर का नाम | |
| 2 | फर्म का पूरा पता | |
| 3 | फोन नं./मोबाईल नं. | |
| 4 | ई–मेल आई डी | |
| 5 | फर्म का पंजीयन क्रमांक | |
| 6 | FSSAI लायसेंस नम्बर | |
| 7 | G.S.T. NO. | |

हस्ताक्षर निविदाकार

प्रपत्र– 04

## भाव ऑफर

(केवल ऑनलाईन प्रेषित किया जावे)

| एस.एम.पी | |
|---|---|
| मात्रा मेट्रिक टन | |
| दर (रूपये प्रति किलो) | |

नोट :– उपरोक्त दरें एक्स उज्जैन संयंत्र है, इसमें कर सम्मिलित नहीं है।

<u>घोषणा पत्र</u>

मेरे द्वारा उपरोक्त बिन्दु क्रमांक 01 से 11 तक की शर्ते पढ एवं समझ ली गई है, उसे मान्य करते हुए मै अपना स्कीम्ड मिल्क पावडर/ श्वेत मक्खन के भाव आफॅर प्रस्तुत कर रहा हूॅ।

स्थान

दिनांक हस्ताक्षर

(नाम एवं फर्म रबर स्टाम्प)